रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2023/1810

जबलपुर, दिनांक 21/11/23

अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय से संबद्ध जबलपुर/नरसिंहपुर/मंडला/डिण्डोरी/कटनी जिलों के महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के जिसमें सेमेस्टर पद्धति के समस्त पाठ्यक्रम एम.बी.ए./एम.बी.ए. (एम.एम.)/ एम.बी.ए. हेल्थ केयर/ बी.ए. बी.एड./बी.एससी. बी.एड./बी.एड./ बी.एड. साइंस /एम.एड./ एम.एड. साइंस पाठ्यक्रमों के ऑनलाईन नामांकन आवेदन पत्र (Enrolment Form) एम.पी. आनलाईन पोर्टल के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है।

महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को निर्धारित तिथि में ऑन लाईन नामांकन/पंजीयन करना अनिवार्य है। तभी परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे । छात्र/छात्राए ऑनलाइन पोर्टल से अपने नामांकन नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराये। तभी प्रवेश कन्फर्म माना जावेगा ।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में बी.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड./एम.बी.ए./एम.बी.ए. (एम.एम.)/एम.सी.ए./बी.फार्मा. में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थी भी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से अपना नामांकन आवेदन पत्र भरेंगें ।

समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्यगण अधिसूचना को सूचना पटल पर चस्पा कर छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन नामांकन करने हेतु सूचित करें ।

आनलाइन आवेदन (Enrollment From) भरने की प्रकिया निम्नानुसार होगीः–

कमांक	समस्त प्रकिया	शुल्क विवरण	आवेदन की तिथि
1.	इस प्रकिया के अंर्तगत व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर मे प्रवेशित विद्यार्थी अपना आनलाइन प्रवेश से प्राप्त ID नंबर, जन्मतिथि लेकर एम.पी. आनलाईन के पोर्टल पर अंकित करेंगे (Enrolment /Registration Form) भरने के उपरांत महाविद्यालय में जमा करायेंगे (All Student Must Fill Enroll. Cum Registration From)	नामांकन शुल्क 330/– इमीग्रेशन शुल्क 4000/– (व्यवसायिक पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.) इमीग्रेशन शुल्क 330/– ;सामान्य पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.)	यह प्रकिया बिना विलंब शुल्क के साथ दिनांक 23.11.2023 से 02.12.2023 तक उपलब्ध रहेगी विलंब शुल्क रू. 330/– के साथ दिनांक 06.12.20223 तक
2.	छात्रों द्वारा Enrolment Form की प्रति संबंधित महाविद्यालय/वि.वि.शि. विभाग में जमा करेंगे ।		08.12.2023 तक
3.	महाविद्यालय द्वारा (Document Verification) कर Document वि.वि. में भेजने की अंतिम तिथि (पेन डाइव के साथ)	मान्य बोर्ड एवं विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन पत्र अप्रूवल करें ।	11.12.2023 तक

टीप– ऐसे छात्र जिनका अध्ययन म.प्र. के किसी भी विधालय से हुआ है किन्तु बोर्ड म.प्र. से बाहर का है जैसे सी.बी.एस.सी. आई.सी.एस.ई. बोर्ड दिल्ली आदि है सामान्य इमीग्रेशन शुल्क 330/– देय होगा ।

नोटः– उपरोक्त निर्धारित तिथियों में महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं के नामांकन सूची एक्सेल सीट के साथ प्रिंट आउट संलग्न प्रमाण–पत्रों के साथ विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में पेन डाइव के साथ जमा करे ।

01. उपनाम परिवर्तन हेतु नोडल अधिकारी ऑनलाइन से सत्यापन कराने के पश्चात् छात्रायें रूपये 100/– के मूल शपथ पत्र के साथ एवं नाम परिवर्तन शुल्क 550/– चालान के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन बैंक शाखा में जमा करने के बाद नामांकन शाखा में जमा करें। इसके पश्चात् ही नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

02. समस्त महाविद्यालय प्रवेशित विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से नामांकन आनलाइन के माध्यम से भरने की सूचना पटल पर चसपा करें। ताकि छात्र/छात्रायें आनलाइन नामांकन करने से वंचित न रह जाये तथा नामांकन न भरने की स्थिति में छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष की होगी ।

संलग्न प्रमाण–पत्रों की सूची निम्नानुसार है:–

- माइग्रेशन एवं टी.सी. के संबंध में (वचन पत्र)
- Proof of Date of Birth (जन्म तिथि हेतु अंकसूची की प्रति)
- Mark sheet (10वीं, 12वीं एवं स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची)
- Migration Certificate Original (प्रवजन प्रमाण पत्र मूलप्रति)
- Eligibility Certificate (पात्रता प्रमाण पत्र)

आदेशानुसार

उप–कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2023/1810अ

जबलपुर, दिनांक 21/11/2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
3. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर, संभाग जबलपुर ।
4. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
5. प्रभारी नोडल अधिकारी ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करे ।
6. कुलपतिजी/कुलसचिव जी के निज सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर इस निवेदन के साथ कि बेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

सहायक –कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर